सी0एस0आई0आर0 – राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान

राणा प्रताप मार्ग, पोस्ट बाक्स सं0 436, लखनऊ–226 001 उ0 प्र0 (भारत)

CSIR-National Botanical Research Institute

Rana Pratap Marg, P.B. No. 436, Lucknow - 226 001 U.P. (India)

संख्याः 7/72/एस.सी./2021–22 सा. दिनांक 15.03.2021

Received & Accepted
Shubha
15/03/2021
3:16 P.M

सेवा में,

मेसर्स नेटग्रिड सिक्योरिटी सर्विसेस,
शॉप सं. 88 एल्डिको उद्यान प्लाजा,
उठरठिया, रायबरेली रोड,
लखनऊ – 226025

विषयः– "Providing Security Services for CSIR-NBRI Main Building, Garden Block, Guest House, Maintenance Office etc. at CSIR Colony, Nirala Nagar, Lucknow and Various units of Banthra Research Station, Lucknow."

उपरोक्त कार्य हेतु आपकी निविदा के सन्दर्भ में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि निदेशक, वै.औ.अ.प.–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने आपके द्वारा निविदा में उद्वत सेवा शुल्क की दर (Quaoted Service Charge Rate) @ 0.01% जिसकी गणना न्यूनतम मजदूरी पर की जानी है, के आधार पर उक्त कार्य का ठेका दिनांक 01.04.2021 से प्रारम्भिक 03 माह की ट्रायल अवधि तक देने के लिए सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया है, जो कि ट्रायल अवधि के दौरान कार्य के संतोषजनक पाए जाने की दशा में 09 माह की अवधि हेतु बढ़ाया जा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नानुसार अनुपालन सुनिश्चित करने की कृपा करें :–

1. उपरोक्त आवंटित कार्य को निविदा की नियम एवं शर्तों के अनुसार स्वीकार करने के परिपेक्ष्य में अपनी सहमति लिखित रूप से प्रेषित करने की कृपा करें।
2. रू. 100/– क गैर न्यायिक स्टैम्प पेपर पर निविदा की नियम एवं शर्तों के अनुसार अनुबंध करें तथा सुरक्षा राशि के तौर पर रू 24,50,000/– (रूपये चौबीस लाख पचास हजार मात्र) तथा निष्पादन राशि (Performance Security) रू 12,25,000/– (रूपये बारह लाख पच्चीस हजार मात्र) जो कि बैंक डिमांड ड्रॉफट/ फिक्सड डिपॉजिट के रूप मे निदेशक, वै.औ.अ.प.–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के नाम देय हो, जमा करें।
3. कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व सुरक्षाकर्मियों का सम्पूर्ण विवरण (नाम, पता एवं सुरक्षा कार्य में अनुभव इत्यादि) संस्थान के सुरक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए तथा सुरक्षा अधिकारी से सुरक्षाकर्मियों का सामूहिक रूप से साक्षात्कार करवाया जाए। साथ ही कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात् आपूर्ति कराए जा रहे सुरक्षाकर्मियों में यदि कोई परिवर्तन किया जाता है, तो संस्थान को इसकी पूर्व सूचना दी जाए तथा साथ ही नए सुरक्षाकर्मी का उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण विवरण भी उपलब्ध कराया जाए।
4. उक्त दिशा–निर्देशों का निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित न करने की दशा में कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा।

कृपया पृष्ठ पलटे :–

o/c

ष्ठ से :–

5. संस्थान के सुरक्षा अधिकारी से परामर्श कर निदेशक, वै.औ.अ.प.–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के मुख्य भवन, गार्डेन ब्लॉक, गेस्ट हाउस, निराला नगर स्थित सी.एस.आई.आर. कालोनी के अनुरक्षण कार्यालय इत्यादि का तथा डॉ. एस. के. तिवारी, वैज्ञानिक एवं प्रभारी बी.आर.एस. (बंथरा, औरावां, बायोमास, गेहरू इत्यादि) से परामर्श कर बंथरा रिसर्च स्टेशन की विभिन्न इकाइयों की सुरक्षा सेवाओं का उत्तरदायित्व दिनांक 01.04.2021 पूर्वाहन 06 बजे से लेने की कृपा करें।

भवदीय,

15/3/21

अनुभाग अधिकारी
(सामान्य अनुभाग)

O/C

प्रतिलिपि :–

1. डॉ. एस.के. तिवारी, मुख्य वैज्ञानिक / प्रभारी, बी.आर.एस.
2. सुरक्षा अधिकारी : आवश्यक अनुपालन एवं कार्यवाही हेतु
3. निजी सचिव, निदेशक
4. वित्त एवं लेखानुभाग
5. निजी सचिव, प्रशासनिक अधिकारी 15/3/2021
6. आई.सी.टी. प्रभाग– संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. कार्यालय प्रति